हिंदी पत्रकारिता डिप्लोमा को मान्यता देने के लिये सरकार से अनुरोध किया है ;

(ख) क्या इस पाठ्यक्रम को मान्यता दे दी गई है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस अध्ययन पाठ्यक्रम को कब तक मान्यता दे दिये जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) पाठ्यक्रम को कब मान्यता दी जाएगी, इस बारे में निर्धारित तारीख बता पाना संभव नहीं है, क्योंकि शैक्षिक योग्यता मूल्यांकन बोर्ड को इस विषय पर विचार करना है ।

केबल टी० वी० का प्रचलन

1325. **कुमारी आलिया** : सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के विभिन्न महानगरों में केबल टी०वी० के प्रचलन से लोगों की दूरदर्शन धारावाहिकों और फिल्मों में रूचि घटती जा रही है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार केबल टी०वी० पर रोक लगाने का विचार कर रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) यद्यपि, दूरदर्शन के धारावाहिकों तथा फिल्मों के दर्शकों पर, केबल टी०वी० के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए कोई विशिष्ट सर्वेक्षण नहीं किया गया है, तथापि 1990 में दूरदर्शन द्वारा "आपरेशंस रिसर्च ग्रुप' (ओ०आर०जी०) को सौंपे गए एक अध्ययन के अनुसार दूरदर्शन कार्यक्रमों के दर्शकों पर इन नेटवर्कों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

(ख) केबल टी०वी० नेवटवर्कों तथा डिश-एंटीना प्रणालियों की स्थापना के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने वाली अंतर-विभागीय समिति की सिफारिशें सरकार के विचराधीन हैं ।

Bank guarantee for the approval of a commissioned programme

1326. SHRI P. UPENDRA : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether private producers who receive approval for commissioned programmes have to present a bank guarantee each time;

(b) what is the total amount advanced during the last three years to various private parties for commissioned programmes and the names of these parties with the amounts sanctioned ; and

(c) what action has been initiated against producers who have received advances but have not completed the production ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS) : (a) Yes, Sir. As per the recent guidelines issued on 1-1-1992, Private Producers are required to submit a bank guarantee to the amount advanced to them.

(b) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

(c) Wherever there is inordinate delay in submission of programmes, Doordarshan has already initiated necessary action to rectify the situation in terms of the agreement signed with the concerned outside Producers.